मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-113
02/04/2022

अंजुमन इस्लामिया हॉल के बेसमेंट एवं भूतल के उपयोग हेतु बिहार राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड के चेयरमैन को सौंपी गयी चाभी

पटना, 02 अप्रैल 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की उपस्थिति में अंजुमन इस्लामिया हॉल के बेसमेंट एवं भूतल के उपयोग हेतु बिहार राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड के चेयरमैन मोहम्मद इर्शादुल्लाह को चाभी सौंपी गयी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अंजुमन इस्लामिया हॉल विशिष्ट ढंग से तैयार किया जा रहा है। यहां बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिसका आपलोग समुचित उपयोग करें।

इस अवसर पर सचिव भवन निर्माण सह प्रबंध निदेशक बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड श्री कुमार रवि द्वारा अंजुमन इस्लामिया हॉल के बेसमेंट एवं भूतल के उपयोग हेतु बिहार राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड के चेयरमैन मोहम्मद इर्शादुल्लाह को जरूरी कागजात सौंपे।

इस अवसर पर बिहार राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड के चेयरमैन मोहम्मद इर्शादुल्लाह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस सिद्धार्थ, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की प्रधान सचिव श्रीमती ए0एन0 सफीना, भवन निर्माण विभाग के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******